**Regarding need to undertake beautification of the Dravyavati River passing through the Jaipur city in Rajasthan under Amrut Yojana and also declare the river area as tourist site- laid**

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर)**:** मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर की एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर शहर के बीच करतापुरा पर एक नाला है जो आगे जाकर द्रव्यवती नदी में मिलता है । द्रव्यवती नदी का सौंदर्यीकरण किया गया था लेकिन पिछले कुछ समय से उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण नदी ने अपनी सुंदरता खो दी और एकत्रित हुए पानी से मच्छर व दुर्गंध से आसपास के निवासियों को परेशानी होती है । मेरा मंत्री महोदय से आग्रह है कि भारत सरकार की अमृत योजना के तहत द्रव्यवती नदी का सौंदर्यीकरण करके उसको पर्यटन स्थल बनाया जाए क्योंकि जयपुर पर्यटक नगरी है । यहाँ बहुत पर्यटक आते हैं । अधिक पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे ।